## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव आज रहेंगे कांकेर जिले के प्रवास पर



**कांकेर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकि, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरूण साव 3 मई शनिवार को कांकेर पहुँचेंगे । सुबह 11 से डेढ़ बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेंगे। डेढ़ से ढाई बजे तक सर्किट हाऊस में भेंट मुलकात करेंगे। उसके बाद कोकपुर में सायं 4 बजे आयोजित डड़सेना कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### पीजी कालेज में नीट की परीक्षा होगी 4 मई को

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 4 मई रविवार को नीट परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष डॉ. सरला आत्राम ने बताया कि 720 परीक्षार्थी इस केन्द्र के लिए पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों को नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा निर्धारित विभिन्न नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। विद्यार्थी अपने साथ प्रवेश पत्र, फोटो युक्त मूल पहचान पत्र, दो पासपोर्ट एवं एक पोस्टकार्ड साइज का फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आना होगा। इनके अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा काले रंग का कलम उपलब्ध कराया जाएगा।

**सुशासन तिहार : कलेक्टर ने जारी किया संशोधित आदेश**

# आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए 5 से लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा सुशासन तिहार शिविर आयोजन के लिए संशोधित आदेश जारी किया है।

निर्धारित कलस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में कलस्टरवार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 5 मई को जनपद पंचायत अंतागढ़ के लामकन्हार में, भानुप्रतापपुर के केंवटी, कांकेर के बेवरती और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के कलस्टर गोण्डाहुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 6 मई को चारामा के दरगहन, नरहरपुर के दुधावा, दुर्गूकोंदल के हाटकोन्दल, अंतागढ़ के ताड़ोकी में तथा 7 मई को कोयलीबेड़ा के बड़गांव, भानुप्रतापपुर के संबलपुर और जनपद पंचायत अंतागढ़ के कलस्टर बेलोण्डी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 8 मई को जनपद पंचायत चारामा के चारभाठा, दुर्गूकोंदल के बरहेली, कांकेर के डुमाली में एवं 09 मई को कांकेर के कोदागांव, कोयलीबेड़ा के पानीडोबीर, नरहरपुर के सरोना तथा अंतागढ़ के बण्डापाल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 13 मई को भानुप्रतापपुर के भानबेड़ा, कोयलीबेड़ा के बांदे, नरहरपुर के सुरही, कांकेर के पीढ़ापाल और अंतागढ़ के मण्डागांव तथा 14 मई को चारामा के अरौद एवं दुर्गूकोंदल के कोड़ेकुर्से में, 15 मई को कोयलीबेड़ा के छोटेबेठिया, नरहरपुर के उमरादाह, भानुप्रतापपुर के बैजनपुरी तथा कांकेर के बागोडार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार सुशासन तिहार अंतर्गत 16 मई को जनपद पंचायत चारामा के कलस्टर हाराडुला और दुर्गूकोंदल के कोदापाखा में, 19 मई को कोयलीबेड़ा के छोटेकापसी, नरहरपुर के धनेसरा, कांकेर के कुलगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 20 मई को चारामा के लखनपुरी में, 21 मई को भानुप्रतापपुर के हाटकर्रा तथा कोयलीबेड़ा में, 22 मई को चारामा के पुरी और 23 मई को कोयलीबेड़ा के ऐसेबेड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने उक्त समाधान शिविर में सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने निर्देशित किया है।



## शासन की योजनाओं का आम जनता को मिल रहा लाभ

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनता के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। जिले में सुशासन तिहार के तहत आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीमें गांव-गांव जाकर आवेदन निराकरण शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान कर रही हैं। साथ ही शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभन्वित भी किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से चारामा तहसील के ग्राम पुरी निवासी 65 वर्षीय पिंगला बाई साहू के आवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर आधार कार्ड प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि पहले उनका आधार कार्ड नहीं होने के कारण शासन की योजनाओं से वंचित थीं। अब वह पेंशन, राशन कार्ड सहित आयुष्मान योजना जैसी कई सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगी। सुशासन तिहार के तहत शिविर में आधार कार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रशासन की संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही का प्रेरणादायक उदाहरण है। पिंगला बाई ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# वनोपज संघ अध्यक्ष ने तेंदूपत्ता स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- लक्ष्य को पूरा करने बढ़ाया मनोबल

तेन्दूपत्ता संग्रहकों द्वारा इस साल बेहत्तर ढंग से किए गए शाखकर्तन कार्य के परिणाम स्वरूप तेन्दूपत्ता के झाड़ियों में कुछ गुणवत्ता के कोमल तेन्दूपत्ता अब अपने पूर्ण रूप में आ चुका है। इस साल तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य हासिल होना तय है।

वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई 1 मई को ग्राम उमरादाह, टिकरापारा, किशनपुरी, आंखीहर्रा, ढोडरापहर, दबेना, जामगांव एवं घोटियावाही व आसपास के गांव में पहुंचकर कोमल पत्तों का निरीक्षण कर उम्मीद जताया कि इस साल तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य हासिल करेंगे और संग्राहको का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि अभी तेन्दूपत्ता का आकार एवं अच्छा परिवर्तन आने लगा है। इस साल आगामी 5 मई के बाद से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। शाखकर्तन के कार्य में विलंब होने से तेंदूपत्ता के पत्ते पल्लवित एवं पुष्पित होने में समय लिया, लेकिन अब इसकी पैदावार अपने शबाब पर है। इस साल एक बीड़ी बनने योग्य तेन्दूपत्ता का संग्रहण कर सरकारी खरीदी की जाएगी। खरीदी के लिए सभी 21 प्राथमिक समितियों में आवश्यक व्यवस्था कर लिया गया है। जिले में तेंदूपत्ता की उच्च गुणवत्ता को देखते हुए लगभग सभी प्राथमिक समितियों के तेंदूपत्ता की अच्छी बिक्री होगी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक, महंगाई भत्ते पर चर्चा



**चारामा।** पेंशनधारी कल्याण संघ इकाई चारामा की मासिक बैठक तहसील इकाई के अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महंगाई भत्ते की राशि 3 प्रतिशत देने की मांग की गई । वर्ष 2025-26 की सदस्यता शुल्क जमा करने और नएसदस्यों को संघ में जोड़ने के लिए संपर्क करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव एसआर नागराज, अशवंत सिन्हा, विश्वभरण तारम, लीलाराम नेताम और मनराखन मरकाम उपस्थित रहे।




**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल चौपट

**धनेलीकन्हार।** दो दिनों से लगातार हो रही बारिश व ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि धान की पूरी फसल चौपट हो गई है। किसानों ने सरकार से मुआवजा की माँग किया है।

धनेलीकन्हार क्षेत्र में किसान धान की पैदावार अधिक करते हैं। अभी धान की फसल पक गई थी और फसल काटने की तैयारी में थे, लेकिन ओलावृष्टि से धान के दाने झड़ गए है। कर्ज लेकर किसान गर्मी का फसल लगाए थे। फसल बर्बाद होने के पश्चात उनके सामने कर्ज पटाने के साथ साथ बारिश के फसल की बुआई की चिंता सता रही है। आर्थिक स्थिति खराब होने से किसान कर्ज के बोझ तले दब जाएंगे। किसानों ने शासन प्रशासन से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत फत्तेचंद मरकाटोला के पटवारी अजय शोरी व कृषि विस्तार अधिकारी वरुण दिवाकर के द्वारा किसान के फसलों का निरीक्षण किया गया और किसानों की समस्या को देखते हुए हर संभव मदद का प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

**ये रहे उपस्थित-** इस मौके पर सरपंच मिथलेश कावड़े, उपसरपंच प्रिंस पाण्डेय, किसान मित्र देवेंद्र साहू,ग्राम ठाकुर छबिराम हिचामी,ग्राम पटेल शिवप्रसाद हिचामी के साथ गांव के प्रभावित किसान उपस्थित रहे।



